# मुख्यमंत्री ने रतलाम के विकास हेतु सौगातों की घोषणा की

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री ने एक दिवसीय रतलाम प्रवास पर शहर की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन किया और डोसीगांव में आयोजित मुख्य समारोह में उन्होंने रतलाम के विकास की अनेक सौगातें भेंट की। यदि यह भेंट क्रियान्वित होती है और समय पर शासन का पैसा शहर की विकास योजनाओं और कार्यक्रमों पर मिलता है तो रतलाम महानगरों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि जिले में 1800 हेक्टेयर जमीन पर कल-कारखाने लगाये जायेंगे। जिले वासियों को इन कारखानों से रोजगार की प्राप्ति होगी। 128 करोड की लागत से जिला चिकित्सालय का आधुनिकरण एवं आडोटोरियम का निर्माण किया जायेगा। शासकीय आवास बनाकर मेडिकल कॉलेज में आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। 150 करोड़ की लागत से व्यवसायिक काम्पलेक्स, सब्जी मार्केट आदि बनाया जायेगा। इसके अलावा 22 करोड़ की लागत से अमृत सागर झील का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा।

## 25 करोड़ की राशि सड़क निर्माण, 22 करोड़ की राशि से ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहां कि हनुमान ताल के सौन्दर्यीकरण का कार्य 4 करोड़ की राशि से किया जाएगा। आगामी दिनों में 25 करोड़ की राशि सड़क निर्माण, 22 करोड़ की राशि से ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्टेट वेण्डरों को 10 हजार रुपए की राशि का ऋण दिया जाएगा जिससे वे अपना स्वरोजगार कर सकेंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण –पृष्ठ 10 दिनांक 06/02/2021

## जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 8 फरवरी को

रतलाम। जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आगामी 8 फरवरी को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी। उपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरी निकायों पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालन तथा प्रारूप मतदाता सूची जांच सूची एवं डुप्लीकेट सूची सहित दावे आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने के लिए बैठक आयोजित की गई है, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड करेंगे।

प्रसारण

## जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 8 फरवरी को

रतलाम। जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आगामी 8 फरवरी को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जमुना भिडे ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरी निकायों पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालन तथा प्रारूप मतदाता सूची जांच सूची एवं डुप्लीकेट सूची सहित दावे आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने के लिए बैठक आयोजित की गई है। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड करेंगे।

## जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आठ को

रतलाम। जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 8 फरवरी को शाम 5:00 बजे आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जमुना भिड़े ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालन तथा प्रारूप मतदाता सूची, जांच सूची एवं डुप्लीकेट सूची सहित दावे आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने के लिए बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने किया 366.29 करोड़ की 19 जल-प्रदाय योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण/भूमि-पूजन**


# हर शहर सुंदर, स्वच्छ तथा सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त होगा

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर शहर को सुंदर, स्वच्छ और बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए तेज गति से कार्य किया जा रहा है। हर नगर का पांच साला रोडमैप बनाया जा रहा है, जिसके अनुसार सुनियोजित विकास होगा। नगरों में सभी भाई-बहनों के पक्के मकान हो जायें, इसका प्रयास सरकार कर रही है। पथकर व्यवसाइयों को रोजगार के लिए 10 हजार रुपए बिना ब्याज और बिना गारंटी के ऋण दिलाया जा रहा है।

**हर नगर का पाँच साला रोडमैप बनाया जाएगा**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शुक्रवार को मंत्रालय में वीसी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों की 19 जल प्रदाय योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। इनमें से 225 करोड़ की 12 योजनाओं का लोकार्पण और 142 करोड़ की सात योजनाओं का भूमि-पूजन हुआ। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया भी वी.सी. के माध्यम से उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से साल में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज चिन्हित निजी अस्पतालों में भी मिलता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर नगर स्वच्छता में आगे रहे, ऐसे प्रयास किए जायें। स्वच्छता से स्वास्थ्य का सीधा संबंध है। सभी नगरों में सीवरेज सिस्टम बनाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के साथ नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जाये। मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों के नागरिकों से वीसी के माध्यम से संवाद भी किया। गुना की नागरिक मंजू कुशवाह ने बताया कि पहले उन्हें हैंड पंप से पानी लेना पड़ता था, अब घर पर ही नल से पानी मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान को संवाद के दौरान पीथमपुर की श्रीमती संध्या शर्मा ने बताया कि पहले नगर में 2-3 दिन छोड़कर पानी मिलता था। अब नर्मदा पेयजल योजना से हर दिन पर्याप्त पेयजल मिल रहा है। इससे नगर की सभी महिलाएँ खुश हैं।




शुक्रवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय से नगरीय निकायों की जल प्रदाय योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

## गर्मियों में आती थी पानी की समस्या

मुख्यमंत्री श्री चौहान को बड़ा मलहरा नगरीय निकाय के श्री देवशंकर शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में पहले गर्मियों में पानी की बहुत समस्या आती थी। नई पेयजल योजना आ जाने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी। क्षेत्र में काठन सिंचाई परियोजना भी आ रही है, जो क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पेयजल योजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ा मलहरा महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू किया जाएगा।

## शहरों में हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पानी

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शहरी पेयजल योजनाओं के माध्यम से अब हर घर तक नल से स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिन पेयजल योजनाओं का आज शिलान्यास हुआ है, वे शीघ्र पूर्ण होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में नगरीय विकास विभाग की योजनाओं सहित सभी विभागों की योजनाओं में अग्रणी है। इस दौरान प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास और श्री मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 142 करोड़ की सात योजनाओं का भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एडीबी योजना में नगर परिषद धामनोद की 19 करोड़ 55 लाख, नगर परिषद जेरोनखालसा की 21 करोड़ 50 लाख, नगर परिषद करही की 20 करोड़ 29 लाख, नगर परिषद खिलचीपुर की 20 करोड़ 52 लाख और विश्व बैंक योजना में नगर परिषद बड़ा मलहरा की 25 करोड़ 90 लाख, नगर परिषद नेवड़ा की 26 करोड़ 52 लाख और नगर परिषद नईगढ़ी की सात करोड़ 51 लाख की जल-प्रदाय परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया। इन परियोजनाओं के पूरा होने का लाभ लगभग 93 हजार नागरिक को मिलेगा।

## 225 करोड़ की 12 योजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा लोकार्पित 12 जल-प्रदाय योजनाओं से 12 नगर के लगभग 4 लाख 80 हजार नागरिक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में नगर परिषद हनुमना की 13 करोड़ 35 लाख, नगर परिषद अमानगंज की 12 करोड़ 89 लाख, नगर परिषद नागोद की 18 करोड़ 18 लाख, नगर परिषद कुरवाई की 11 करोड़ 94 लाख, नगर परिषद बुधनी की सात करोड़ 34 लाख, नगर परिषद गोविंदगढ़ की 8 करोड़ 37 लाख, नगर परिषद भानपुरा की सात करोड़ 92 लाख, नगर परिषद बड़ौद की सात करोड़ 29 लाख, नगर पालिका उमरिया की 14 करोड़ 70 लाख और नगर परिषद छपीहेड़ा की चार करोड़ 95 लाख की जल-प्रदाय परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अमृत मिशन में नगर पालिका परिषद गुना की 29 करोड़ 88 लाख और नगर पालिका पीथमपुर की 87 करोड़ 69 लाख की जल-प्रदाय परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया।

210

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 11 दिनांक 06/02/2021

कायाकल्प टीम • पास होने के लिए 75% से ज्यादा अंक चाहिए...इधर अस्पताल में नहीं कर सके पुताई

# टूटे नल व गंदगी देखी पर एमसीएच, शिशु इकाई में सफाई के 80% अंक की उम्मीद

**भास्कर लाइव**

## शाम 7.30 बजे तक अस्पताल में ही रही टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वर्चुअल असेसमेंट के 115 दिन बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल में कायाकल्प की टीम पहुंची। परिसर में बने शौचालय में गंदगी मिली, वहीं इमरजेंसी वार्ड के नल टूटे-फूटे और पानी नहीं था। हालांकि, चिंता की बात नहीं है क्योंकि, एमसीएच, एसएनसीयू, ओपीडी और वार्डों में साफ-सफाई ने हमारी लाज रखी है। इस साल हमें 80% से ज्यादा अंक मिलना तय है। जबकि, अस्पताल को पास होने के लिए 75% अंक लाना जरूरी है। संभवतः डेढ़ महीने में परिणाम भी आ जाएंगे।

## मरीजों के परिजनों को गेट पर ही रोका तो करने लगे बहस

समय- दोपहर 12.30 बजे, स्थान- मुख्य ओपीडी पर ही चैनल गेट लगाकर एक-एक व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जा रहा था। गेट पर मरीज के परिजन गार्ड से अंदर जाने के लिए बहस कर रहे थे। सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर डॉ. जीवन चौहान के साथ बैठे थे। इधर देवास से आए डॉ. गोपाल कटारे और डॉ. धर्मेंद्र जाट इमरजेंसी वार्ड में घूम रहे थे। बाथरूम में नल टूटे दिखे, वहीं कुछ नल से पानी नहीं आ रहा था। सिस्टर से पूछा तो उन्होंने बाथरूम के उपयोग में नहीं आने की बात कही। वहीं दीवार पर लगे पर्चों के उत्तर नर्सों ने आसानी से दे दिए।



टीम ने शिकायत पेटी को देखकर पूछ ही लिया... इसे कब खोलते हो, शिकायत मिलती है या नहीं।

### इन बिंदुओं ने किया मजबूत

**वार्ड :** वार्ड साफ सुथरे थे, तारीफ हुई है।
**स्टाफ :** नर्सिंग स्टाफ ने 70 प्रतिशत से ज्यादा सवालों के जवाब दे दिए हैं।
**नई लैब :** अस्पताल की नई लैब को दिखाया।
**एमसीएच :** एसएनसीयू की व्यवस्था बेहतर मिली।

### यहां रहे कमजोर

**शौचालय** - सार्वजनिक शौचालय में गंदगी मिली।
**सफाई** - परिसर में कचरा मिला, इसे लेकर टोका भी।
**पानी** - इमरजेंसी वार्ड में पानी नहीं आ रहा था।
**स्टाफ** - ज्यादातर नर्सों ने जवाब दिए, लेकिन कुछ नहीं दे पाईं, इसके अंक कटेंगे।

### सीधी बात

डॉ. रजत दुबे, कायाकल्प प्रभारी, जिला अस्पताल

#### ज्यादा नंबर मिलेंगे

**• इमरजेंसी वार्ड में पानी नहीं था।**
- वह वॉशरूम ज्यादा उपयोग में नहीं आता है।

**• क्या वर्चुअल असेसमेंट से ज्यादा नंबर मिलेंगे।**
- वर्चुअल में हमें 75 प्रतिशत अंक मिले थे, टीम ने अब फिजिकली देखा है।

**• परिसर में गंदगी मिली है।**
- हां, परिसर बहुत बड़ा है। एसएनसीयू, एमसीएच, नर्सिंग स्टाफ के जवाबों में इस बार मजबूत रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अवन्तिका पृष्ठ 08 दिनांक 06/02/2021

# भारत सरकार की वेबसाइट पर एक दिवस में नशामुक्ति कि ऑनलाइन शपथ का रतलाम जिलें ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

## मुख्यमंत्री श्री चौहान को प्रमाण पत्र भेंट किया गया

दैनिक अवंतिका ● रतलाम



जिलें में एक दिवस में 52190 नागरिकों द्वारा नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाया गया। विगत 27 जनवरी को बने वर्ल्ड रिकार्ड को वज्र वर्ल्ड रिकार्ड बुक, युनिवर्सल रिकार्डस, कलाम वर्ल्ड रिकार्डस, ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में दर्ज कर प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को वर्ल्ड रिकार्ड ज्यूरी मैंबर्स शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया के द्वारा भेंट किये गये। यह रिकार्ड जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग रतलाम के नाम दर्ज हुआ। इस अभियान का समन्वय म.प्र. जन अभियान परिषद जिला रतलाम द्वारा किया गया था। रतलाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद गुमान सिंह डामोर , विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना ,जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, कलेक्टर गोपाल चंद्र डांड, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, उप संचालक सामाजिक न्याय एस.एस.चौहान, जन अभियान परिषद के रत्नेश विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे।

नशामुक्ति मित्र बनाने हेतु चलायें जा रहे हस्ताक्षर अभियान के बोर्ड पर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान प्रारंभ किया गया। पेंसिल से बनाये गये मुख्यमंत्री के चित्र को युवा कलाकार आकाश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। साथ ही पेंसिल की नोक पर लिखा गया ड्रग फ्री इण्डिया का लोगो भी भेंट किया। छोड़ दो सारा नशा गीत कि प्रस्तुति कहना है टीम के असीम पंड्या, विशाल बोरासी, हर्ष कनौजिया, आकाश शर्मा द्वारा दी गयी। मुख्यमंत्री द्वारा नशे के विरूद्व मुहिम चलायें जाने के निर्देश के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिये व्यापक स्तर पर भारत सरकार की वेबसाइट पर नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ विगत 27 जनवरी को संपूर्ण जिले में वृहद स्तर पर जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरु, आम जनों, धार्मिक, सामाजिक, स्वैच्छिक संगठनों, शासकीय सेवकों व विभागों आदि की प्रेरणा से 52190 नागरिकों द्वारा नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ ली गयी।

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार ऑनलाइन शपथ का अभियान पूरे देश में आयोजित करने वाला रतलाम पहला जिला है, विश्वकीर्तिमान के दिन 24 घंटे में 52190 ऑनलाइन शपथ ली गयी तथा अभियान में अब तक कुल 78 हजार से अधिक ऑनलाइन शपथ हो चुकी है, शपथ का नागरिक विश्लेषण में मध्यप्रदेश के 90 प्रतिशत नागरिकों के द्वारा शपथ ली गयी तथा 18 से 45 आयु वर्ग के युवा द्वारा 85 प्रतिशत तथा अभियान में 75 प्रतिशत पुरूष 25 प्रतिशत महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा रतलाम जिले के समस्त नागरिकों को व्यापक स्तर पर नशामुक्ति कि ऑनलाइन शपथ लेने के लिये आभार व्यक्त किया।

अवन्तिका

# 631 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 4 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 631 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 4 फरवरी को शिवशंकर कॉलोनी, जावरा रोड़ पहलवान बाबा की दरगाह, नयागांव से 4 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा, इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है। ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है, वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है, तो निगम द्वारा उन्हें तोड़ जाकर राशि वसूल की जाएगी।

# जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 8 को

रतलाम। जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आगामी 8 फरवरी को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जमुना भिड़े ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरी निकायों पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालन तथा प्रारूप मतदाता सूची जांच सूची एवं डुप्लीकेट सूची सहित दावे आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने के लिए बैठक आयोजित की गई है। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड करेंगे।

# गंदगी करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टेण्ड पर गंदगी करने पर पंकज, मांगीलाल, कैलाश, किशन व एक अन्य पर 100-100, वसीम, अभिमन्यु, शाहिद, सौरभ, राज, मिन्टू, बंटी व दो अन्य पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# गंदगी करने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नही डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही सी सी टी वी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सी सी टी वी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है, इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड़ बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर सुरेश पर 250, समरथ, रणजीत सिंह, सुखराम व 3 अन्य पर 100-100, रतनलाल, ललीत, प्रफुल्ल जैन, फरीद खान, नानूराम, बाबू, धुलजी, विष्णु, कमलसिंह, हनुमत, रफीक, अमर, मनीष, जगदीश, राहुल व 1 अन्य पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितो के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# गंदगी फैलाने वाले 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर में सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैंड पर गंदगी करने वाले पंकज, मांगीलाल, कैलाश, किशन व एक अन्य, वसीम, अभिमन्यु, शाहिद, सौरभ, राज, मिंटू, बंटी व दो अन्य पर जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

# तीन मवेशी गोशाला भेजे

रतलाम। शुक्रवार को बाजना बस स्टैंड, चांदनी चौक व सागोद पुल से तीन मवेशी नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। अब तक 634 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा चुका है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 07 दिनांक 06/02/2021

**अच्छी खबर** रतलाम जिले में एक दिवस में 52190 नागरिक

# नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ का रतला



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम जिले में एक दिवस में 52190 नागरिकों द्वारा नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाया गया। विगत 27 जनवरी को बने वर्ल्ड रिकार्ड को वज्र वर्ल्ड रिकार्ड बुक, युनिवर्सल रिकार्डस, कलाम वर्ल्ड रिकार्डस, ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में दर्ज कर प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को वर्ल्ड रिकार्ड ज्यूरी मेंबर्स शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया के द्वारा भेंट किये गये। यह रिकार्ड जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग रतलाम के नाम दर्ज हुआ। इस अभियान का समन्वय म.प्र.जन अभियान परिषद

## मुख्यमंत्री को मिला प्रमाण पत्र

जिला रतलाम द्वारा किया गया था। रतलाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, कलेक्टर गोपाल चंद्र डांड, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, उप संचालक सामाजिक न्याय एस.एस.चौहान, जन अभियान परिषद के रत्नेश विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे। नशामुक्ति मित्र बनाने हेतु चलायें जा रहे हस्ताक्षर अभियान के बोर्ड पर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान प्रारंभ किया गया।

पेंसिल से बनायें
आकाश शर्मा द्वा
पेंसिल की नोक
भी भेंट किया।
कहना है टीम
कनौजिया, आ

मुख्यमंत्री
मुहिम चलायें
द्वारा नशामुक्त
के लिये व्याप
पर नशामुक्ति
को संपूर्ण जि
गुरु, आम

...न है। बिना दान पुण्य कर जो अपने धन ...ोग करता है वह व्यर्थ है सदैव परोपकार ...जो मनुष्य सदैव सत्संग भक्ति भाव में उसे जीवन कभी भी आत्महत्या जैसे

विचार
सही स
होता है
श्री

# नशा मुक्ति की ऑनलाइन शपथ का वर्ल्ड रिकार्ड, मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र दिया



रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिलें में एक दिवस में 52190 नागरिकों द्वारा नशा मुक्ति की ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाया गया। विगत 27 जनवरी को बने वर्ल्ड रिकार्ड को वज्र वर्ल्ड रिकार्ड बुक, युनिवर्सल रिकार्डस, कलाम वर्ल्ड रिकार्डस, ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में दर्ज कर प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को वर्ल्ड रिकार्ड ज्यूरी मेंबर्स शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया के द्वारा भेंट किए गए। यह रिकार्ड जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग रतलाम के नाम दर्ज हुआ। इस अभियान का समन्वय म.प्र. जन अभियान परिषद जिला रतलाम द्वारा किया गया था।

नशा मुक्ति मित्र बनाने हेतु चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के बोर्ड पर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान प्रारंभ किया गया। पेंसिल से बनाए गए मुख्यमंत्री के चित्र को युवा कलाकार आकाश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। साथ ही पेंसिल की नोक पर लिखा गया ड्रग फ्री इण्डिया का लोगो भी भेंट किया।' छोड़ दो सारा नशा' गीत की प्रस्तुति टीम के असीम पंड्या, विशाल बोरासी, हर्ष कनौजिया, आकाश शर्मा द्वारा दी गई।

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार ऑनलाइन शपथ का अभियान पूरे देश में आयोजित करने वाला रतलाम पहला जिला है, विश्व कीर्तिमान के दिन 24 घंटे में 52190 ऑनलाइन शपथ ली गई तथा अभियान में अब तक कुल 78,000 से अधिक ऑनलाइन शपथ हो चुकी है ।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार—स्वदेश——पृष्ठ 06 दिनांक 06/02/2021



## मुख्यमंत्री ने की शहरी पेयजल एवं सीवरेज योजनाओं की समीक्षा

# कोई शहर बिना सीवरेज सिस्टम के ना रहे- चौहान

स्वदेश

**भोपाल ● 5 फरवरी ( ब्यूरो )**
मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर नगर में नल से पर्याप्त स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाएगा। इसके लिए संचालित पेयजल योजनाएं समय से पूरी हों, उनकी गुणवत्ता अच्छी हो तथा रेस्टोरेशन का कार्य भी साथ-साथ हो जाए और कार्य-स्थल खोदकर नहीं छोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का कोई भी नगर बिना सीवरेज सिस्टम के न रहे। सीवरेज कार्य होने पर वे कार्यशील हो और सीवेज का ट्रीटमेंट प्रारंभ हो जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री आज मंत्रालय में शहरी पेयजल एवं सीवरेज योजनाओं के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और प्रमुख सचिव नीतेश व्यास आदि उपस्थित थे।

## योजनाओं का भौतिक सत्यापन कराएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जो योजनाएं पूर्ण हो गई हैं, उनका भौतिक सत्यापन कराया जाए। आयुक्त नगरीय प्रशासन ने बताया कि प्रदेश के 211 नगरीय निकायों में पेयजल योजनाएं पूरी हो गई हैं और167 में कार्य चल रहा है।

■ **अमरकंटक में विशेष प्रयास करें :**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अमरकंटक में सीवरेज की वर्तमान व्यवस्था ठीक नहीं है। वहां विशेष प्रयास किए जाकर तेज गति से सीवरेज का कार्य कराया जाए। नर्मदा नदी में गंदा मल-जल नहीं मिलना चाहिए। चित्रकूट में भी इस संबंध में विशेष ध्यान दिया जाए। ओंकारेश्वर की सीवरेज परियोजना भी शीघ्र पूरा करें।

■ **रोज मॉनीटरिंग करें, शीघ्र पूरा करें :**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिन पेयजल योजनाओं का कार्य पूरा नहीं हुआ है, उनकी रोज मॉनीटरिंग कर उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए।

■ **अभी 30 प्रतिशत ट्रीटमेंट की व्यवस्था :**-नगरीय विकास आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के नगरीय निकायों में प्रतिदिन 2200 एम.एल.डी. सीवेज जनरेट होता है, जिसमें से लगभग 30 प्रतिशत मात्रा ( 690 एम.एल.डी. ) का ही ट्रीटमेंट हो पाता है। वर्ष 2022 तक प्रतिदिन 1880 एम.एल.डी. सीवेज के ट्रीटमेंट की व्यवस्था हो जाएगी, जो कुल सीवेज का लगभग 86 प्रतिशत होगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 12 दिनांक 06/02/2021

# कैंटीन के पास गंदगी, पीएम रूम के बाहर रखा था कबाड़

## जिला अस्पताल में कायाकल्प का अंतिम निरीक्षण करने आई राज्य स्तरीय टीम, स्टाफ से उपचार व व्यवस्थाओं को लेकर पूछे सवाल

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। पोस्टमार्टम रूम के पास ये सब कबाड़ रखने की क्या जरूरत है? यहां एक ही ट्रॉली में तीनों कचरा पेटी क्यों रखी है। मरीज को उपचार देते समय सफाई के कौन- कौन से तरीके अपनाते हो? कुछ इस तरह के सवाल शुक्रवार को जिला अस्पताल में कायाकल्प का अंतिम निरीक्षण करने आई टीम ने नर्सिंग स्टाफ से किए। कई सवालों का उत्तर देते समय कर्मचारी डरे से रहे। ऐसा लग रहा था कि पहली बार इस तरह के सवालों का जवाब दे रहे हैं जबकि निरीक्षण को लेकर लगातार प्रशिक्षण दिया गया था।

टीम सुबह करीब 9:30 बजे अस्पताल पहुंची। अस्पताल में कुछ जगहों पर कचरा जमा होने पर टीम ने स्टाफ के लोगों से सवाल किए और पूछा कि पता नहीं था कि आज निरीक्षण होने वाला है। इस बीच नोडल अधिकारी एवं आरएमओ ने कर्मचारियों के बचाव में तर्क दिए।

### जगह-जगह सुरक्षाकर्मी, गेट पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन

टीम ने कायाकल्प के निर्धारित 250 बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। जिला अस्पताल के सभी वार्डों, एमसीएच, ट्रामा यूनिट, रैसोईघर, सेंट्रल लैब सहित सभी सुविधाओं बारीकी से परखते हुए सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। पहले चरण में वर्चुअल असेसमेंट हुआ था, जिसमें अस्पताल 75 प्रतिशत अंक के साथ पास हो गया था। इस बार फिजिकल तौर पर टीम ने आकर निरीक्षण किया है। निरीक्षण को लेकर जिला अस्पताल में चार महीने से तैयारियां चल रही थी। अस्पताल में रंगाई-पुताई के साथ सभी सुविधाओं को ठीक किया गया। निरीक्षण के चलते जगह-जगह सुरक्षा कर्मी भी नजर आए, जो आम दिनों में कम ही नजर आते हैं। अस्पताल के हर गेट पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराया गया जो एक दिन पहले तक कहीं नजर नहीं आता था। शुक्रवार अस्पताल में जाने के बाद हर व्यक्ति को यह अंदाजा लग रहा था कि आज कुछ विशेष है, जिसके चलते व्यवस्था बेहतर रखी गई है।

सुबह ओपीडी चालू होते ही राज्य स्तरीय टीम के डा. गोपाल कटारे, डा. धर्मेंद्र जाट अपनी टीम के साथ निरीक्षण शुरू किया और सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर के कार्यालय में प्रारंभिक जानकारी लेकर एक-एक वार्ड में रात तक निरीक्षण किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डा. रजत दुबे और आरएमओ डा. योगेश नीखरा अपने सहयोगी स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

कायाकल्प के नोडल अधिकारी डा. रजत दुबे ने बताया कि इस बार हमारा हॉस्पिटल, सैनिटाइजेशन, वेस्ट मैनेजमेंट, सपोर्ट सर्विसेज, इंफेक्शन कंट्रोल सहित सात सेवाओं पर टीम ने निरीक्षण किया। हमारी टीम ने सवालों के उत्तर सटीक दिया। 250 बिंदु पर 100 अंक निर्धारित हैं, जो हमारी ग्रेडिंग को तय करेंगे। थोड़ी कमी सफाई को लेकर मिली, लेकिन औसतन हम बेहतर हैं। पूरी संभावना है कि हमारा अस्पताल अच्छे नंबर लेकर आएगा।



जिला अस्पताल के पीएम रूम के पास निरीक्षण के दौरान कर्मचारी से सवाल करते हुए टीम के सदस्य। • नईदुनिया

नईदुनिया

## वर्ष 2021 से 2026 तक के विकास योजना का रोडमेप मुख्यमंत्री के समक्ष पेश हुआ

# रतलाम को प्रदेश के अग्रणी नगरों में शामिल करना है -मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5227 आवास में से 2737 पूर्ण, स्ट्रीट लाइट्स को एलईडी में परिवर्तित करने का लक्ष्य



रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कलेक्टर सभाकक्ष में आत्मनिर्भर रतलाम के तहत बहुआयामी विकास योजना का रोड मेप प्रदर्शन देखा। कलेक्टर गोपाल डांड ने रतलाम की वर्ष 2021 से 2026 तक के विकास योजना का रोड मेप प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम, दिल्ली, मुंबई रेलवे मार्ग पर महत्वपूर्ण जंक्शन है यहां से पीथमपुर की दूरी 100 किलोमीटर तथा इंदौर हवाई अड्डे की दूरी मात्र 144 किलोमीटर है। यह नगर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, सूरत आदि से बहुत अच्छे तरीके से कनेक्टेड है।

### ऐसा पार्क विकसित किया जाए जो इस नगर की पहचान बनें

मुख्यमंत्री ने नगर के विकास की विभिन्न योजनाओं का प्रेजेंटेशन देखा तथा निर्देश दिए कि रतलाम नगर में एक ऐसा पार्क विकसित किया जाए जो इस नगर की पहचान बने। जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर द्वारा इसके लिए अमृत सागर तालाब योजना की जानकारी देने पर उन्होंने इस तालाब के विकास की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तालाब के विकास के लिए 21 करोड़ की राशि लगेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए की नगरीय क्षेत्र में लोगों को नगर निगम कार्यालय के कम से कम चक्कर लगाना पड़े इसके लिए ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के विषय में त्वरित गति से आगे बढ़ना चाहिए।

### जुलाई से प्रतिदिन जल प्रदाय

मुख्यमंत्री ने इसके लिए एप विकसित करने के लिए कहा है। बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रतलाम नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5227 आवास स्वीकृत हैं इसमें से 2737 पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जुलाई से रतलाम श[illegible]तिदिन जल प्रदाय होने लगेगा। रतलाम शहर में अमृत योजना के तहत 167 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन डाली जा रही है जिसमें से 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, यह कार्य 30 जून 2021 तक पूर्ण हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने सीवर लाइन डालने के कारण रतलाम शहर की सड़कों की टूट-फूट की मरम्मत संबंधित ठेकेदार से गुणवत्ता पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

### 276 करोड़ की अन्य योजनाएं स्वीकृत

बैठक में सिटी रिंग रोड के चौड़ीकरण तथा रतलाम शहर के मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण जिन पर कुल 126 करोड़ रुपए व्यय होना है के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह माणक चौक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग दो बत्ती चौराहे पर कोठारी मार्केट की भूमि पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स हाट बाजार एवं मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि रतलाम शहर की समस्त स्ट्रीट लाइट्स को एलईडी में परिवर्तित करने का लक्ष्य है। वर्ष 2020-21 में 15367 स्ट्रीट लाइट बदल दी गई है जिससे विद्युत बिल में 2 करोड़ से अधिक की बचत हुई है। रतलाम शहर के मध्य में स्थित 2.45 हेक्टेयर शासकीय भूमि के पुनर्घनत्वीकरण की 128 करोड़ की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना के तहत 300 बेडेड नवीन जिला चिकित्सालय, 1000 सीटर ऑडिटोरियम तथा 111 शासकीय आवास निर्मित होंगे। इसी तरह रतलाम ट्रांसपोर्ट नगर की के लिए 22 करोड़ की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई।

### 24 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री ने रतलाम मुंबई एक्सप्रेस-वे पर अठारह हजार करोड़ रुपए के निवेश से मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन फॉर अपेरल की कार्य योजना को आगे बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा है कि रतलाम को प्रदेश के अग्रणी नगरों में शामिल करना है। एक महानगर के हिसाब से आने वाले समय में इसकी प्लानिंग की जाना चाहिए। रतलाम के इस नए निवेश क्षेत्र में लगभग एक हजार आठ सौ हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता दर्शाई गई है। जिसमें 256 हेक्टेयर भूमि निजी है। निजी क्षेत्र की भूमि पीपीपी मोड पर विकसित की जाएगी। इस निवेश से 24 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

# रतलाम मुंबई दिल्ली एक्सप्रेसवे पर मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाईल रीजन विकसित होगा–मुख्यमंत्री

## नगर की 276 करोड़ की विकास योजनाओं को हरी झंडी दिखाई

**दैनिक अवंतिका** ● रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर सभाकक्ष में आत्मनिर्भर रतलाम के तहत बहुआयामी विकास योजना का रोड मेप 2021-16 का प्रदर्शन देखा। उन्होंने रतलाम मुंबई एक्सप्रेसवे पर अठारह हजार करोड़ रुपए के निवेश से मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन फॉर अपेरल की कार्य योजना को आगे बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा है कि रतलाम को प्रदेश के अग्रणी नगरों में स्थापित करना है। एक महानगर के हिसाब से आने वाले समय में इसकी प्लानिंग की जाना चाहिए। रतलाम के इस नए निवेश क्षेत्र में लगभग एक हजार आठ सौ हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता दर्शाई गई है। जिसमें 256 हेक्टेयर भूमि निजी है। निजी क्षेत्र की भूमि पीपीपी मोड पर विकसित की जाएगी। इस निवेश से 24 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्री गोपाल डांड ने आज रतलाम की वर्ष 2021 से 26 तक के विकास योजना का रोड मेप प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम, दिल्ली, मुंबई रेलवे मार्ग पर महत्वपूर्ण जंक्शन है यहां से पीथमपुर की दूरी 100 किलोमीटर तथा इंदौर हवाई अड्डे की दूरी मात्र 144 किलोमीटर है। यह नगर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, सूरत आदि से बहुत अच्छे तरीके से कनेक्टेड है।



बैठक में सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, विधायक श्री चेतन्य कश्यप, श्री राजेन्द्र पाण्डे, श्री दिलीप मकवाना, सम्भागायुक्त श्री संदीप यादव, आईजी श्री राकेश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नागरिक सेवाओं को मोबाइल ऐप से प्रदान करने के निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम नगर के विकास की विभिन्न योजनाओं का प्रेजेंटेशन देखा तथा निर्देश दिए कि रतलाम नगर में एक ऐसा पार्क विकसित किया जाए जो इस नगर की पहचान बने। जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर द्वारा इसके लिए अमृत सागर तालाब योजना की जानकारी देने पर उन्होंने इस तालाब के विकास की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तालाब के विकास के लिए 21 करोड़ की राशि लगेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए की नगरीय क्षेत्र में लोगों को नगर निगम कार्यालय के कम से कम चक्कर लगाना पड़े इसके लिए ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के विषय में त्वरित गति से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इसके लिए एप विकसित करने के लिए कहा है। बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रतलाम नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5227 आवास स्वीकृत हैं इसमें से 2737 पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जुलाई 2021 से रतलाम शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय होने लगेगा। रतलाम शहर में अमृत योजना के तहत 167 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन डाली जा रही है जिसमें से 82प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह कार्य 30 जून 2021 तक पूर्ण हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने सीवर लाइन डालने के कारण रतलाम शहर की सड़कों की टूट-फूट की मरम्मत संबंधित ठेकेदार से गुणवत्ता पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में सिटी रिंग रोड के चौड़ीकरण तथा रतलाम शहर के मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण जिन पर कुल 126 करोड़ रुपए व्यय होना है के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह माणक चौक कमर्शियल काम्प्लेक्स एवं पार्किंग दो बत्ती चौराहे पर कोठारी मार्केट की भूमि पर कमर्शियल काम्प्लेक्स हाट बाजार एवं मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि रतलाम शहर की समस्त स्ट्रीटलाइट्स को एलईडी में परिवर्तित करने का लक्ष्य है। वर्ष 2020-21 में 15367 स्ट्रीट लाइट बदल दी गई है जिससे विद्युत बिल में 2 करोड़ से अधिक की बचत हुई है।

अवन्तिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 01 दिनांक 06/02/2021

# आमजन के लिए खरीदी लाखों की टंकियां हुई कबाड़

## अब नगर निगम करेगा नीलामी, मोहल्ले में लगने से ही रह गई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



निगम में कबाड़ में बदल गई पेयजल टंकियां।

रतलाम. नगर निगम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर में सफाई तो कर ही रहा है, अब स्वयं के कार्यालय परिसर में फैली हुई गंदगी को साफ करेगा। इसके लिए निगम में पड़े कबाड़े को नीलाम करने की योजना बनाई गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि करीब 20 से अधिक सिंथेटिक की पेयजल के लिए आई हुई उन टंकियों को भी नीलाम करेगा जो पड़ी पड़ी ही टूट गई व शहर के वार्डों में नहीं पहुंच पाई।

नगर निगम के बिती परिषद के दौरान 49 वार्डों में पेयजल समस्या के समाधान के लिए सिंथेटिक की 100 टंकियों की खरीदी की थी। इस टंकी को प्रत्येक में खरीदी करने में करीब 24 से 30 हजार रुपए का व्यय किया था। शहर के गांधीनगर, लक्ष्मणपुरा, मोतीनगर सहित कुछ मोहल्लों में तो यह पेयजल टंकी लगी, लेकिन शेष शहर में इनको लगाने में पार्षदों की रुचि नहीं रही। इसके बाद आई हुई टंकियों को निगम के ही रिक्त स्थान पर रख दिया गया। तब से अब तक यह टंकियां पड़ी रही, लेकिन इनके उपयोग के लिए किसी ने पहल नहीं की। अब स्वच्छता अभियान अंतर्गत इन टंकी की भी नीलामी नगर निगम करेगा। इसके अलावा कबाड़ में पड़े ट्रैक्टर, ट्रॉली आदि को भी नीलाम करने की योजना पर काम चल रहा है। पत्रिका

### हमने मांग की थी

हमने कई बार वार्डों में पेयजल टंकी को लगाने की मांग की थी, लेकिन तत्कालीन समय में हमारी आवाज को दबाया गया। इन टंकी के खराब होने में तत्कालीन समय के अधिकारी व महापौर दोषी है, जो समय पर इनका उपयोग नहीं कर पाए।

**- यास्मीन शेरानी**, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

### नीलाम की जाएगी

स्वच्छता अभियान अंतर्गत निगम में भी कबाड़ की नीलामी जल्दी की जाएगी। इससे जो गंदगी व पूर्व की टूटी हुई टंकी है उनको भी नीलाम किया जाएगा।

**- एसपी आचार्य**, प्रभारी